**Regarding issues pertaining to farmers in Delhi**

श्रीमती कमलजीत सहरावत **(पश्चिम दिल्ली) :** सभापति महोदया, आज मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दिल्ली के किसानों की गंभीर समस्या की तरफ दिलाना चाहती हूं । दिल्ली देश की राजधानी है । वर्ष 2015 से वर्ष 2025 तक दिल्ली में एक ऐसी सरकार रही, जिसने दिल्ली की दुर्दशा कर दी । उनके भ्रष्टाचार और काम ना करने की वजह से दिल्ली प्रदूषण की भेंट चढ़ा और इसका परिणाम दिल्ली के किसानों को भुगतना पड़ा । दिल्ली में ट्रैक्टर को कमर्शियल व्हीकल कर दिया गया, इसीलिए डीजल के व्हीकल्स 10 सालों में बंद हो जाते हैं दिल्ली के किसानों के ट्रैक्टरों को खेतों से, उनके घरों के सामने से 10 साल पूरा होने पर उठा लिया जाता है ।

महोदया, किसान बहुत मुश्किल से अपना खर्चा चलाता है और लोन पर ट्रैक्टर लेता है । मेरा सरकार से निवेदन है कि इस अवधि को बढ़ाएं और दिल्ली के किसानों को राहत दें ।